सक्षम...

पत्रिका 15.12.2017

# दिव्यांगों ने सांस्कृतिक और खेल स्पर्धा में जमकर दिखाई प्रतिभा








**स्पर्धा...** खेल व सांस्कृतिक स्पर्धा में अपना प्रदर्शन करते प्रतिभागी।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.co

**जगदलपुर.** क्राइस्ट कॉलेज और विद्या ज्योति स्कूल की ओर से कॉलेज परिसर में बस्तर संभाग के दिव्यांग विद्यार्थियों का एक दिवसीय महोत्सव माई फेस्ट का आयोजन कुरियाकोस की स्मृति में किया गया। इस आयोजन में मनोविकास, शासकीय दृष्टि बाधित और मूक विद्यालय, आशा आश्रम और सक्षम स्कूल गीदम के लगभग 250 दिव्यांगों का खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाई। खेलकूद स्पर्धा के अंतर्गत इन विद्यार्थियों के मध्य जलेबी दौड़, रस्सी कूद, 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, मटका फोड, प्रतिस्पार्धाओं का आयोजन किया गया।

इसी तरह इन विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गीत, गायन, समूह गीत गायन, एकल नृत्य और समूह नृत्य, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बस्तर विवि के कुलपति शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। समाज के सभी वर्गों से दिव्यांगों का सम्मान करने और उचित स्थान देने की अपील की। इस अवसर पर महापौर जतीन जायसवाल, डॉ जोसेफ कोलमपरम्पपिल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में संयोजक राहुल पटेल, गोपाल चंद्र राय, फादर जोशी, ताम्रशेरी, फादर केडी थॉमस, फादर बॉबी, फाद जेवियर, फादर थॉमस, फाद अब्राहम, फादर संतोष, फाद अब्राहर कन्नमपाला, जॉ जोसेफ, फादर जोमोन आ उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों ने दिखाई अपनी प्रतिभा







हरिभूमि, 14.12.2017

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

सामाजिक समरसता तथा समानता की प्रतिबद्धता के उद्देश्य से शहर के क्राईस्ट महाविद्यालय तथा विद्या ज्योति स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बस्तर संभाग के दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम ,खेलकूद आदि गतिविधियों से भरपूर माय फेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसके सिंह थे। श्री सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते कहा कि वर्तमान में हम जिस स्तर पर है, उसके एवज में ऐसे बच्चों का हमें बढ़-चढ़कर साथ देना चाहिए। शारीरिक रूप से अशक्त होने के बावजूद वे बहुत कुछ कर सकते है। हमारे व आप सभी के अच्छे पहल से ये बच्चे देश की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। श्री सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, इससे इन बच्चों का मनोबल बढ़ेगा। माय फेस्ट कार्यक्रम में दिव्यांजन बच्चों ने अपनी आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस आयोजन में बस्तर के शासकीय स्कूल आड़ावाल, आशा आश्रम पल्लीगांव, मनोविकास विशेष विद्यालय तथा जावंगा सक्षम स्कूल गीदम से लगभग सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को अंत में पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर निर्मल प्रोविंस के प्रमुख फादर जोसी ताम्रषेरी, फादर केडी थॉमस, फादर बॉबी, फादर जेवियर, फादर थॉमस, फादर अब्राहम कन्नमपाला, फादर संतोष, क्राईस्ट महाविद्यालय तथा विद्या ज्योति स्कूल के प्राचार्य डॉ जॉर्ज जोसेफ तथा फादर जोमोन के अतिरिक्त संपूर्ण महाविद्यालय तथा विद्या ज्योति के शैक्षणिक-अशैक्षणिक कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने अपना भरपूर योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में नगर निगम जगदलपुर के महापौर जतीन जायसवाल एवं बिशप डॉ. जोसेफ कोलमपरम्पपिल सीएमआई विशेष रूप से उपस्थित प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संयोजन राहुल पटेल तथा मंच का संचालन गो.. ल चंद्र रॉय ने किया।

Scanned by CamScanner



जगदलपुर : दौड़ स्पर्धा में दम-खम दिखाते दिव्यांग खिलाड़ी.

# विकलांग बच्चों ने दिखाया हुनर

**जगदलपुर.** संभागभर के दिव्यांगजनों की कला प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से शहर के क्राइस्ट कॉलेज व विद्या ज्योति स्कूल द्वारा एक सराहनीय पहल की गई. विभिन्न सुविधाओं से वंचित दिव्यांग बच्चों के बीच इन मिशनरी संस्थाओं द्वारा दिव्यांग महोत्सव माइ फेस्ट का आयोजन कर इन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया गया. जिसमें मनोविकास, शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधित स्कूल, आशा आश्रम व सक्षम स्कूल गीदम के लगभग 250 दिव्यांगों ने खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया.

कार्यक्रम का उद्घाटन बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया. इस महोत्सव में बच्चों ने न केवल जलेबी दौड़, रस्सी कूद, गोला फेंक में हिस्सा लिया, बल्कि गायन-वादन व नृत्य से भी मन मोह लिया. विजेता बच्चों को आयोजक द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर महापौर जतीन जायसवाल, बिशप डॉ. जोसेफ कोलमपरम्बिल, फादर जोसी ताम्रशेरी, फादर केडी थॉमस, फादर बॉबी, फादर जेवियर, फादर थॉमस, फादर अब्राहम कन्नंमपाला, फादर संतोष के अलावा कॉलेज व स्कूल के प्राचार्य डॉ. जार्ज जोसेफ व फादर जोमन के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे. कार्यक्रम का संयोजन राहुल पटेल व मंच संचालन गोपाल चन्द्र राय ने किया.

नवभारत 14.12.2017

# दिव्यांगजनों की रस्सी कूद गोला फेंक प्रतियोगिता हुई



जगदलपुर. दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते दिव्यांग बच्चे।

**जगदलपुर** | क्राइस्ट कॉलेज और विद्या ज्योति स्कूल द्वारा बुधवार को दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय माई फेस्ट का आयोजन फादर कुरियाकोस की स्मृति में किया गया। स्पर्धा का उदघाटन बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया।

इस प्रतियोगिता में मनोविकास, दृष्टि बाधित, मूक-बधिर विद्यालय, आशा आश्रम तथा सक्षम स्कूल गीदम के लगभग 250 दिव्यांग शामिल हुए। जलेबी दौड़, रस्सी कूद, 50 मीटर दौड़, गोला फेंक, मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल गीत, समूह गीत, एकल नृत्य तथा समूह नृत्य के साथ चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता हुई। समापन समारोह में महापौर जतिन जायसवाल, विषप डॉ. जोसेफ कोलमपरम्पपिस ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया।

दैनिक भास्कर 14.12.2017

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner